कार्यालयः– उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या– 01/09/अति–5/2023–2024
प्रयागराजः– दिनांक 22 दिसम्बर 2023

विज्ञप्ति

स्टॉफ नर्स एलोपैथ(म0/पु0) (प्रा0) परीक्षा–2023,,जो दिनांक 19 दिसम्बर 2023 को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य ज्ञान,सामान्य हिन्दी एवं नर्सिंग विषय की चारों सीरीज (A,B,C & D) की प्रश्नपुस्तिकाओं की उत्तर–कुंजियां आयोग की वेबसाइट– https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक **28 दिसम्बर 2023** तक उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित "उत्तर कुंजी" को देख लें और यदि उन्हें प्रश्नोत्तरों में कोई विसंगति प्रतीत होती है,तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति संगत साक्ष्य सहित (नीचे दिये गये प्रारूप पर) अनिवार्यतः सामान्य ज्ञान (प्रश्नसं0 1–30), सामान्य हिन्दी (प्रश्नसं0 31–50) व नर्सिंग (प्रश्नसं0 51–170) विषय हेतु अलग–अलग प्रत्यावेदन (जो एक साथ स्टेपल न हों) आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में, जो परीक्षा नियंत्रक,अतिगोपन–5 अनुभाग,उ0प्र0 लोक सेवा आयोग,प्रयागराज को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर दिनांक **29 दिसम्बर 2023** के सायं 5.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के/अपठनीय एवं असंगत साक्ष्य वाले प्राप्त प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। **प्रत्यावेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि 29 दिसम्बर 2023 है।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

प्रारूप

1–अभ्यर्थी का नाम..
2–अनुक्रमांक...
3–परीक्षा का नाम...
4–विषय का नाम..
5–प्रश्नपुस्तिका सीरीज..

क0सं0	प्रश्न संख्या	आयोग का उत्तर	प्रत्यावेदक का उत्तर	साक्ष्य
1	2	3	4	5

अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर...

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक